राँची में पहली बार सी-20 चौपाल का आयोजन

चर्चा में क्यों?

27 जून, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार सिटीजंस फाउंडेशन और सेवा इंटरनेशनल की ओर से झारखंड की राजधानी राँची में पहली बार सी-20 चौपाल कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें सेवा, सेवा की भावना, परोपकार और स्वयं सेवकवाद विषय के कई पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

प्रमुख बिंदु

- इस कार्यक्रम में झारखंड में कार्यरत विभिन्न समाजिक संगठनों के संचालक तथा समाजसेवी, सिविल सोसाइटी संगठन के प्रतिनिधि, कॉरपोरेट कंपनियों के सीएसआर प्रमुख तथा शैक्षणिक संस्थानों के महत्त्वपूर्ण स्कॉलरों ने भाग लिया।
- तीन सत्रों में आयोजित इस कार्यक्रम के पहले सत्र का संचालन मुक्ति मिशन की फाउंडर रश्मि साहा ने किया, जिसमें बतौर पैनलिस्ट सिनी झारखंड की स्टेट प्रोग्राम मैनेजर तनवी झा, पालोना संस्था की फाउंडर मोनिका आर्या, एएफसी इंडिया लिमिटेड की राज्य परियोजना निदेशक रुचि चौधरी ने ‘सेवा की भावना’विषय पर विस्तार से चर्चा की और सामान्य जीवन पर इसके प्रभाव तथा सामाजिक महत्त्व के बारे में बताया।
- इसी तरह दूसरे सत्र में लाइव सेवर्स, राँची के फाउंडर और समाजसेवी अतुल गेरा, राइज अप के फाउंडर ऋषभ आनंद तथा केजीवीके संस्था के संचिव डॉ. अरविंद सहाय ने बतौर पैनलिस्ट संयुक्त रूप से भाग लिया और ‘सामाजिक विकास के क्षेत्र में स्वयंसेवा की भावना’ विषय पर विचार रखे।
- सामजिक स्तर पर स्वयंसेवा क्यों महत्त्पूर्ण है और इसके क्या-क्या सकारात्मक परिणाम हो सकते हैं, इस पर भी चर्चा हुई। इस सत्र का संचालन राजीव गुप्ता ने किया।
- सी-20 चौपाल कार्यक्रम के अंतिम और विशेष सत्र संचालक संगीत नाटक अकादमी (भारत) के सदस्य एवं लोक और जनजातीय कला के सलाहकार नंदलाल नायक ने किया, जिसमें पैनलिस्ट के रूप में उषा मार्टिन के सीएसआर हेड डॉ. मयंक मुरारी, पारस अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डॉ. संजय कुमार तथा आइलिड एचआर की फाउंडर तथा एचआर कंसल्टेंट कनिका मल्होत्रा ने ‘सामुदायिक परोपकार’विषय पर विस्तार से चर्चा की।
- कार्यक्रम के समापन सत्र के दौरान सिटीजन फाउंडेशन के सीइओ गणेश रेड्डी ने कहा कि ऐसे सामाजिक हितों के कार्यक्रमों से राज्यहित से जुड़ी कई योजनाओं के सफल संचालन में मदद मिलती है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/c-20-chaupal-organized-for-the-1st-time-in-ranchi